योगदा सत्संग सोसाइटी का शताब्दी वर्ष समारोह पांच को

कोलकाता, 3 जनवरी (जनसत्ता)।

योगदा सत्संग सोसाइटी (वाईएसएस) के इस साल 22 मार्च को शताब्दी वर्ष पूरे होने के मौके पर आगामी पांच जनवरी को एक समारोह का आयोजिन किया जाएगा। यह समारोह योगोदा सत्संग मठ, दक्षिणेश्वर में आयोजित किया जाएगा।

पांच जनवरी को ही वाीएसएस के संस्थापक श्री श्री परमहंस योगानंद का 125 वां आभिर्भाव दिवस भी है। यह जानकारी मंगलवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में योगदा सत्संग सोसाइटी के वरिष्ठ संत स्वामी निगमानंद गिरि ने दी।

इस मौके पर इस संस्था के वरिष्ठ सदस्य ब्रह्मचारी अच्युतानंद भी मौजूद थे। स्वामी निगमानंद गिरि ने पत्रकारों को बताया कि पांच जनवरी का कार्यक्रम सुबह सात बजे से नौ बजे तक प्रभात फेरी के साथ शुरू होगा। उसके बाद सुबह साढ़े नौ बजे से 10 बजे तक भजन होंगे।

सुबह 10 बसे से साढ़े 11 बजे तक उद्घाटन समारोह होगा, जिसमें मुख्य अतिथि किंकर समानंदा महाराज व प्रव्रजिका अमलापर्णा माताजी व संस्था के अध्यक्ष स्वामी शुद्धानंद परिसंवाद करेंगे। सुबह साढ़े 11 बजे से भंडारा शुरू होगा।

उसके बाद शाम पांच बजे से सात बजे तक व्यायाम, मेडिटेशन, पुष्पांजलि व प्रसाद वितरण के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

उन्होंने कहा कि श्री श्री परमहंस योगानंद ने 1920 में इस संस्था की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि पांच जनवरी के बाद सालभर संस्था के कोलकाता समेत देश के विभिन्न, केंद्रों में कार्यक्रम व समारोह का आयोजन चलेगा।